नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

## समाज का व्यक्तित्व बनाने में दे योगदान –प्रो. एल. कारूण्यकरा

वर्धा, 25 सितम्बर2019: राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं का व्यक्तित्व बना सकता है। स्वयंसेवक विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समाज का व्यक्तित्व




बनाने की दिशा में कार्य कर एक नया परिवर्तन लाए। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति तथा डॉ. बाबासाहब अंबेडकर-सिदो कान्हू-मुर्मू दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. एल. कारूण्यकरा ने व्यक्त किये। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस तथा स्वर्ण महोत्सवी समारोह 24 सितंबर को मनाया गया। वे इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रो. कारूण्यकरा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में सामाजिक सेवा का भाव निहित है। इस दृष्टि से समाज में विभिन्न समस्याओं को लेकर सामाजिक जागरूकता

करना राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का अहम दायित्व है। अपने व्यक्तित्व के साथ-साथ समाज के व्यक्तित्व को बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील उन्होंने विद्यार्थियों



से की। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे ने अपने प्रास्ताविक में विभिन्न गतिविधियां और कार्यों की जानकारी दी।

इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या भवन से गांधी हिल्स तक स्वच्छता ही सेवा रैली निकाली गई। रैली में प्लास्टिक मुक्त भारत,पर्यावरण




संरक्षण,स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत आदि से संबंधित संदेश दिया गया। स्वयंसेवक

विद्यार्थियों ने गांधी हिल्स पर स्वच्छता की शपथ ग्रहण की। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या भवन स्थित कस्तूरबा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के




संयोजक श्री राजेश लेहकपुरे, समाज कार्य विभाग के डॉ.शिव सिंह बघेल, जनसंचार विभाग के श्री संदीप कुमार वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, राजदीप राठौर,अश्वीन श्रीवास सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बी. एस. मिरगे ने किया तथ धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिव सिंह बघेल ने प्रस्तुत किया।